
# Press release


## नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज लखनऊ  के संयुक्त तत्वावधान में "ऑनलाइन एग्जामिनेशन :चैलेंजिज एंड सलूशन" विषय पर नेशनल वेबीनार का आयोजन

Tuesday, June 2, 2020




नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आयोजित होने वाले  वेबीनार की श्रंखला  के क्रम में आज दिनांक 2 जून 2020 को डिजिटल एडू  सलूशन प्राइवेट लिमिटेड  एवं  नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंज लखनऊ  के संयुक्त तत्वावधान में "ऑनलाइन एग्जामिनेशन :चैलेंजिज एंड सलूशन" विषय पर नेशनल वेबीनार का आयोजन किया गया। उक्त वेबीनार का उद्घाटन महाविद्यालय की  प्राचार्य  प्रोफेसर  अनुराधा तिवारी ने अतिथियों का स्वागत एवं अपने आशीर्वचन से किया। इस वेबीनार के संयोजक डॉ शरद कुमार वैश्य ने आज के कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री योगेश पवार एवं अन्य अतिथियों का सभी  प्रतिभागियों से परिचय कराया।इस क्रम में सह संयोजक डॉ रश्मि बिश्नोई  द्वारा वेबीनार के उद्देश्य  की प्रस्तुति की गई।मुख्य वक्ता श्री योगेश पवार निदेशक,डिजिटल एडू आई टी सलूशन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा ऑफलाइन एवं ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली कोविड-19 की वर्तमान परिस्थितियों में सार्थकता, के विषय में प्रकाश डाला गया।उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि छात्रों द्वारा किस प्रकार से घर बैठे ही अपने मोबाइल फोन या लैपटॉप के माध्यम से परीक्षा दी जा सकती हैं एवं शिक्षकों द्वारा घर बैठे मूल्यांकन

कार्य को संपादित किया जा सकता है ।उन्होंने घर से ही ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली एवं मूल्यांकन के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की ।




योगेश पवार द्वारा घर से ही संपन्न होने वाली ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली एवं मूल्यांकन की विश्वसनीयता एवं सार्थकता तथा सुरक्षा से संबंधित उपायों पर प्रकाश डाला गया ।कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ राघवेंद्र नारायण द्वारा प्रतिभागियों के प्रश्नों तथा उससे संबंधित उत्तर के विषय में श्री योगेश पवार जी से चर्चा करके समाधान किया गया ।कार्यक्रम के अंत में संयोजक डॉक्टर शरद कुमार वैश्य ने आज के कार्यक्रम के मुख्य बिंदुओं को सम्मिलित कर सारांश प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर अनुराधा तिवारी ने मुख्य वक्ता एवं सभी प्रतिभागियों को अपने उदबोधन एवं आशीर्वचनों से अभिसिंचीत  किया।कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर शरद कुमार वैश्य द्वारा किया गया। इस वेबिनार का लाइव  संचालन यू ट्यूब पर भी किया गया।